**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ..........................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**N 0 0 8 1 7**

# PAPER - II
# COMMERCE

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

## COMMERCE
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** From the following statements of **Assertion (A)** and **Reasoning (R)**, indicate the correct code :

**Assertion (A) :** Industrial liberalisation became an imperative condition for the growth of forces of competition leading to high efficiency and productivity in Indian industries.

**Reasoning (R) :** Industrial development and curbing of poverty is only possible through government intervention.

**Code :**

(1) **(A)** and **(R)** both are not correct.
(2) **(A)** is correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is correct and **(R)** is correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is not correct but **(R)** is correct.

**2.** Which of the following statements are **not** correct ?

**Statement (I) :** Sustainable development means an attempt to achieve the balance between economic growth and conservation / protection of environment.

**Statement (II) :** Sustainable development means meeting the needs of industries without compromising the needs of import - export balancing.

**Statement (III) :** Sustainable development means creation of sufficient surplus budgets through stock of capital assets including land.

**Code :**

(1) Statements **(I)** and **(III)**
(2) Statements **(II)** and **(III)**
(3) Statements **(I)** and **(II)**
(4) Statements **(I)**, **(II)** and **(III)**

**3.** Match items of **List - I** with **List - II** relating to macro environment of business and indicate the code of correct matching :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Economic environment | (i) | Ethical issues |
| (b) | Political and government environment | (ii) | Trade and transport policies |
| (c) | Socio - cultural environment | (iii) | Economic stratification of population |
| (d) | Demographic environment | (iv) | Judiciary powers |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

# वाणिज्य

## प्रश्न-पत्र - II

**निर्देश :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** निम्नलिखित **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** के दो कथनों से सही कूट का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** औद्योगिक उदारीकरण प्रतिस्पर्धी शक्तियों के विकास के लिए आवश्यक शर्त बन गया, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय उद्योगों में दक्षता तथा उत्पादकता में वृद्धि हुई।

**तर्क (R) :** औद्योगिक विकास और निर्धनता को नियंत्रण में रखना केवल सरकारी हस्तक्षेप से संभव है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं हैं।
(2) **(A)** सही है किंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(3) **(A)** सही है और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
(4) **(A)** सही नही है किंतु **(R)** सही है।

**2.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही **नहीं** है ?

**कथन (I) :** संवहनीय विकास का अर्थ आर्थिक वृद्धि तथा पर्यावरण का संरक्षण/रक्षा के बीच संतुलन बनाने का प्रयत्न है।

**कथन (II) :** संवहनीय विकास का अर्थ आयात-निर्यात संतुलित करने की आवश्यकताओं से समझौता किए बिना उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

**कथन (III) :** संवहनीय विकास का अर्थ भूमि सहित पूंजी परिसम्पत्ति के स्टॉक के माध्यम से पर्याप्त अधिशेष बजट का सृजन करना है।

**कूट :**

(1) कथन **(I)** और **(III)**
(2) कथन **(II)** और **(III)**
(3) कथन **(I)** और **(II)**
(4) कथन **(I), (II)** और **(III)**

**3.** व्यवसाय के सूक्ष्म परिवेश से संबंधित **सूची - I** और **सूची - II** के मदों को सुमेलित कीजिए तथा सही मिलान के कूट को बताइये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | आर्थिक पर्यावरण | (i) | आचार संबंधी मुद्दे |
| (b) | राजनीतिक और सरकारी पर्यावरण | (ii) | व्यापार और परिवहन नीतियां |
| (c) | सामाजिक -सांस्कृतिक पर्यावरण | (iii) | जनसंख्या का आर्थिक स्तरीकरण |
| (d) | जनसांख्यिकीय पर्यावरण | (iv) | न्यायिक शक्तियां |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

4. For which one of the basic reasons, the "Structural Adjustment Programme" was undertaken in India in 1991 ?

(1) Curbing competition among private sector

(2) Establishing predominant role of public sector

(3) Establishing a free market economy

(4) Regional balancing through planning and licensing

5. Match the items of **List - I** with **List - II** and indicate the correct code of matching :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Micro external environment | (i) | Economic and political factors |
| (b) | Macro external environment | (ii) | Competition among diverse products targetting disposable income of consumers |
| (c) | Non - price competition | (iii) | Input suppliers |
| (d) | Desire competition | (iv) | Sponsoring of events like sports |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

6. **Assertion (A)** : Debt - equity ratio indicates the long term solvency of a company.

**Reasoning (R)** : It measures the ability of the company to pay off its long term liabilities.

Select the correct answer from the code given below :

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct reason for **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** does not explain **(A)** correctly.

(3) **(A)** is correct but **(R)** is wrong.

(4) **(A)** is wrong but **(R)** is correct.

7. The balance of property at cost has been ₹ 20,000 and ₹ 17,000 in 2015 and 2016, respectively. The profit on the sale of property of ₹ 2,000 is credited to Capital Reserve Account. New property costing ₹ 5,000 was bought in 2016. Determine the sale proceeds from property.

(1) ₹ 3,000 (2) ₹ 7,000 (3) ₹ 10,000 (4) ₹ 15,000

8. Goodwill of a firm of X and Y is valued at ₹ 30,000. It is appearing in the books at ₹ 12,000. Z is admitted for 1/4 share. What amount he is supposed to bring for goodwill ?

(1) ₹ 3,000 (2) ₹ 4,500 (3) ₹ 7,500 (4) ₹ 10,500



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**4.** निम्नलिखित में से कौन से एक मौलिक कारणों से वर्ष 1991 में भारत में ''संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम'' शुरू किया गया ?

(1) निजी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को कम करने के लिए।

(2) सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख भूमिका स्थापित करने के लिए।

(3) मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की स्थापना के लिए।

(4) नियोजन और लाइसेंसिंग के द्वारा क्षेत्रीय संतुलन स्थापित करने के लिए।

**5.** **सूची - I** और **सूची - II** के मदों को सुमेलित कीजिए एवं सही मिलान के कूट को बताइये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | व्यष्टि बाह्य पर्यावरण | (i) | आर्थिक और राजनीतिक कारक |
| (b) | समष्टि बाह्य पर्यावरण | (ii) | उपभोक्ताओं के प्रयोज्य आय को लक्षित करते हुए विविध उत्पादों में प्रतिस्पर्धा |
| (c) | गैर–मूल्य प्रतिस्पर्धा | (iii) | आदान आपूर्तिकर्ता |
| (d) | वांछित प्रतिस्पर्धा | (iv) | खेल–कूद जैसे आयोजनों का प्रायोजन करना |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**6.** **अभिकथन (A)** : ऋण–समता अनुपात किसी कंपनी की दीर्घ–कालिक ऋणशोधन क्षमता को इंगित करता है।

**तर्क (R)** : यह किसी कंपनी की दीर्घकालिक देयताओं का भुगतान करने की क्षमता को मापता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का सही कारण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है किंतु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है किंतु **(R)** सही है।

**7.** वर्ष 2015 और 2016 में किसी संपत्ति का लागत शेष क्रमशः ₹ 20,000 और ₹ 17,000 था। संपत्ति की बिक्री पर हुआ ₹ 2,000 का लाभ पूंजी आरक्षित खाता में जमा कर दिया गया। वर्ष 2016 में ₹ 5,000 लागत की नई संपत्ति खरीदी गई। संपत्ति से हुई बिक्री राशि का निर्धारण कीजिए।

(1) ₹ 3,000 (2) ₹ 7,000 (3) ₹ 10,000 (4) ₹ 15,000

**8.** X और Y के फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 30,000 है। यह बहीखाते में ₹ 12,000 लिखी गई है। Z को 1/4 हिस्सा के लिए प्रवेश दिया गया है। वह ख्याति के लिए कितनी राशि लाएगा ?

(1) ₹ 3,000 (2) ₹ 4,500 (3) ₹ 7,500 (4) ₹ 10,500



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**9.** A Ltd. issued a prospectus inviting applications for 2,000 shares. Applications were received for 3,000 shares and pro-rata allotment was made on the applications of 2,400 shares. If A has been allotted 40 shares, how many shares he must have applied for ?

(1) 40 (2) 44 (3) 48 (4) 52

**10.** Which one of the following receipts is of revenue nature ?

(1) Amount realised from the sale of investments

(2) Dividend received on investment

(3) Amount borrowed from a bank

(4) Compensation received from municipal corporation for the acquisition of land for the construction of road.

**11.** **Statement (I) :** Business decision makers deal with the complex, rather chaotic, business conditions of the real world and have to find the way to their destination, i.e, achieving the goal that they set for themselves.

**Statement (II) :** Even without application of economic logic and tools of analysis, business decisions are always rational and real and are not counter productive.

**Code :**

(1) Both the statements are correct.

(2) Both the statements are incorrect.

(3) Statement **(I)** is correct while statement **(II)** is incorrect.

(4) Statement **(I)** is incorrect while statement **(II)** is correct.

**12.** Which one of the following statements is **true** ?

(1) Pure profit is the return in excess of the opportunity cost

(2) Accounting profit is the excess of total revenue over and above the explicit and implicit costs

(3) Profit maximization is the sole objective of the modern firms

(4) Profit is maximum when the difference between marginal revenue and marginal cost is maximum

**13.** Which one of the following is not the assumption on which the theory of consumer behaviour is based on the cardinal utility approach ?

(1) Rationality

(2) Constant marginal utility from successive units

(3) Constant marginal utility of money

(4) Utility is measurable



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**9.** A लिमिटेड ने 2,000 अंशों के लिए आवेदन आमंत्रित करते हुए प्रविवरण जारी किया। 3,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए और 2,400 अंशों के आवेदनों पर यथा अनुपात आवंटन किया गया। यदि A को 40 शेयर आवंटित हुए तो उसने कितने शेयरों के लिए आवेदन किया होगा ?

(1) 40 (2) 44 (3) 48 (4) 52

**10.** निम्नलिखित प्राप्तियों में से कौन-सी आयगत प्रकृति की है ?

(1) निवेशों की बिक्री से प्राप्त धनराशि

(2) निवेश पर प्राप्त लाभांश

(3) बैंक से ली गई उधार धनराशि

(4) सड़क के निर्माण के लिए भू-अर्जन हेतु नगर निगम से प्राप्त क्षतिपूर्ति

**11.** **कथन (I) :** व्यवसाय संबंधी निर्णयकर्त्ता वास्तविक जगत की जटिल अपितु अस्त-व्यस्त व्यवसाय दशाओं से निपटते हैं तथा अपने गंतव्य के लिए रास्ता निकालते हैं; अर्थात् उन्होंने जो लक्ष्य स्वयं के लिए नियत किया है उसे प्राप्त करते हैं।

**कथन (II) :** विश्लेषण के आर्थिक तर्क और उपकरणों को लागू किए बिना भी व्यवसाय संबंधी निर्णय सदैव ही तर्क संगत तथा वास्तविक होते हैं और प्रति उत्पादक नहीं होते हैं।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं। (2) दोनों कथन गलत हैं।

(3) कथन **(I)** सही है जबकि कथन **(II)** गलत है। (4) कथन **(I)** गलत है जबकि कथन **(II)** सही है।

**12.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है ?

(1) शुद्ध लाभ अवसर लागत से आधिक्य प्रत्याय है।

(2) लेखा लाभ स्पष्ट तथा अन्तर्निहित लागतों के ऊपर कुल आगम का आधिक्य है।

(3) आधुनिक फर्मों का एक-मात्र उद्देश्य लाभ को अधिकतम करना है।

(4) सीमान्त आगम और सीमान्त लागत के बीच अधिकतम अंतर होने पर लाभ अधिकतम होता है।

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सी वह मान्यता नहीं है जिसमें उपभोक्ता व्यवहार का सिद्धान्त गणनात्मक उपयोगिता उपागम पर आधारित है ?

(1) विवेकशीलता

(2) उत्तरवर्ती इकाइयों की सतत् सीमान्त उपयोगिता

(3) धन की सतत् सीमान्त उपयोगिता

(4) उपयोगिता मापी जा सकती है



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**14.** **Statement (I) :** Point price elasticity of demand in terms of marginal and average revenues can be measured with the following formula :

$$\frac{AR}{AR - MR}$$

**Statement (II) :** The point price elasticity of demand is the product of the slope of the demand function and the ratio between corresponding price and quantity.

**Code :**

(1) Both the statements are correct.

(2) Both the statements are incorrect.

(3) Statement **(I)** is correct while statement **(II)** is incorrect.

(4) Statement **(I)** is incorrect while statement **(II)** is correct.

**15.** Which one of the following is **not** the basic property of indifference curves ?

(1) Negative slope

(2) Indifference curves of two imperfect substitutes are concave to the point of origin

(3) The indifference curves do not intersect nor are they tangent to one another

(4) Upper indifference curves indicate a higher levels of satisfaction

**16.** The scale of measurement which has no order, distance and unique origin is known as which one of the following ?

(1) Nominal scale (2) Ordinal scale (3) Interval scale (4) Ratio scale

**17.** The formula to determine the number of classes given by Sturge's Rule is which one of the following ?

(1) $K = 1 + 3.322(\log\ N)$

(2) $K = (\log\ N)1.322$

(3) $K = \frac{1 + 3.322}{(\log N)}$

(4) $K = \frac{3.322}{(\log N) + 1}$

Where : K = Number of classes

N = Total number of observations

(log N) = Logarithm of the total number of observations

**18.** Which one of the following is **not** the characteristics of normal distribution ?

(1) Bell - shaped and symmetric

(2) Mean, Median and Mode of the distribution are equal

(3) The total area under the curve for the normal probability distribution is one

(4) The two tails of the distribution in both the directions touches the horizontal axis



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

14. **कथन (I) :** सीमान्त एवं औसत आगम के शब्दों मे बिंदु कीमत माँग की लोच निम्न सूत्र द्वारा मापी जा सकती है :

$$\frac{\text{औसत आगम}}{\text{औसत आगम} - \text{सीमान्त आगम}}$$

**कथन (II) :** माँग फलन के ढ़ाल एवं संबंधित कीमत एवं मात्रा के अनुपात का गुणनफल बिंदु कीमत माँग की सापेक्षता होती है।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं।
(2) दोनों कथन गलत हैं।
(3) कथन **(I)** सही है जबकि कथन **(II)** गलत है।
(4) कथन **(I)** गलत है जबकि कथन **(II)** सही है।

15. निम्नलिखित में से उदासीन वक्र का कौनसा एक आधारभूत गुण **नहीं** है ?

(1) ऋणात्मक ढ़ाल
(2) दो अपूर्ण प्रतिस्थानापन्न वस्तुओं का उदासीन वक्र उद्‌गम बिंदु से नतोदर होता है।
(3) उदासीन वक्र एक दूसरे को काटते नहीं हैं एवं एक-दूसरे को स्पर्श नहीं करते हैं।
(4) ऊपर की तरफ उदासीन वक्र संतुष्टि का उच्चतर स्तर दर्शाते हैं।

16. गणना का पैमाना जिसमें न क्रम हो, न दूरी हो और न एकमात्र उद्‌गम हो तो उसे निम्न में किसके द्वारा जाना जाता है ?

(1) नाममात्र पैमाना
(2) क्रमसूचक पैमाना
(3) अंतराल पैमाना
(4) अनुपात पैमाना

17. स्टर्जे के नियम द्वारा वर्गों की संख्या निर्धारित करने का निम्न में से कौन-सा सूत्र होता है ?

(1) $K = 1 + 3.322(\log N)$
(2) $K = (\log N)1.322$
(3) $K = \frac{1 + 3.322}{(\log N)}$
(4) $K = \frac{3.322}{(\log N) + 1}$

जबकि : K = वर्गों की संख्या
N = प्रेक्षणों की कुल संख्या
(log N) = प्रेक्षणों की कुल संख्या का लॉगरिद्‌म

18. निम्न में से कौन-सी सामान्य वितरण की विशेषताएँ **नहीं** हैं ?

(1) घंटा आकार एवं सममित
(2) वितरण का माध्य, माध्यिका एवं बहुलक सभी एक समान
(3) सामान्य संभावना वितरण के लिए वक्र का कुल क्षेत्र एक होता है।
(4) वितरण के दोनों छोर क्षितिज दूरी को स्पर्श करते हैं।



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**19.** **Assertion (A) :** A reasonably sized sample drawn randomly from large sized population contains almost all the characteristics which exist in the population.

**Reasoning (R) :** The theory of sampling is based on the two important laws of statistics, viz., Law of statistical Regularity and law of inertia of large numbers.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the complete explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the complete explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is not correct while **(R)** is correct.

(4) Both **(A)** and **(R)** are not correct.

**20.** **Statement (I) :** If the alternative hypothesis is as Ha : $\mu \neq \mu_0$ ; a researcher requires two - tailed test in hypothesis - testing.

**Statement (II) :** The mean of the sampling distribution of mean is not equal to the parametric value of mean.

**Code :**

(1) Both the statements are true.

(2) Both the statements are false.

(3) Statement **(I)** is true, while statement **(II)** is false.

(4) Statement **(I)** is false, while statement **(II)** is true.

**21.** Match the items of **List - I** with **List - II** ; and choose the correct code of combination :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | The Fundamentals of Top Management | (i) | Peter F. Drucker |
| (b) | Middle Management | (ii) | R.C. Davis |
| (c) | The Essence of Management | (iii) | E.L.F. Brech |
| (d) | Principles and Practice of Management | (iv) | Mary Caushing Nile |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**22.** **Statement (I) :** Management is not just a creature of the economy; it is a creator as well.

**Statement (II) :** He who can manage, can manage anything.

**Code :**

(1) Statement **(I)** is correct but **(II)** is incorrect.

(2) Statement **(II)** is correct but **(I)** is incorrect.

(3) Both the statements **(I)** and **(II)** are incorrect.

(4) Both the statements **(I)** and **(II)** are correct.



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

19. **अभिकथन (A) :** एक बड़े आकार के समग्र में से उचित आकार का निदर्श दैविक रूप से निकाला जाए तो उसमें समग्र में उपस्थित सभी विशेषताओं का समावेश होता है।

**तर्क (R) :** निदर्शन का सिद्धान्त सांख्यिकी के दो महत्वपूर्ण नियमों पर आधारित है, पहला सांख्यिकीय नियमितता का नियम एवं बृहत् संख्याओं का जड़ता का नियम।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की पूर्ण व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किंतु **(R), (A)** की पूर्ण व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही नहीं है जबकि **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं हैं।

20. **कथन (I) :** अगर वैकल्पिक परिकल्पना का रूप Ha : $\mu \neq \mu_0$ हो; तो एक संशोधनकर्त्ता को परिकल्पना परीक्षण के लिए दो पूंछ के परीक्षण की आवश्यकता होती है।

**कथन (II) :** माध्य के निदर्शन वितरण का माध्य, माध्य के प्राचलिक मूल्य के बराबर नहीं होता है।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं।

(2) दोनों कथन गलत हैं।

(3) कथन **(I)** सही है जबकि कथन **(II)** गलत है।

(4) कथन **(I)** गलत है जबकि कथन **(II)** सही है।

21. **सूची - I** की मदों को **सूची - II** की मदों से सुमेलित कीजिए और संयोजन का सही कूट चुनिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | द फंडामेंटल्स ऑफ टॉप मैनेजमेंट | (i) | पीटर एफ. ड्रकर |
| (b) | मिडल मैनेजमेंट | (ii) | आर.सी. डेविस |
| (c) | द इसेन्स ऑफ मैनेजमेंट | (iii) | ई.एल.एफ. ब्रेच |
| (d) | प्रिंसिपल्स एंड प्रैक्टिस ऑफ मैनेजमेंट | (iv) | मैरी कौशिंग नील |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

22. **कथन (I) :** प्रबन्धन अर्थव्यवस्था का सृजन मात्र नहीं है, यह सृजनकर्ता भी है।

**कथन (II) :** वह जो प्रबन्ध कर सकता है, सब कुछ प्रबन्ध कर सकता है।

**कूट :**

(1) कथन **(I)** सही है किंतु **(II)** सही नहीं है।

(2) कथन **(II)** सही है किंतु **(I)** सही नहीं है।

(3) कथन **(I)** और **(II)** दोनों सही नहीं हैं।

(4) कथन **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**23.** **Assertion (A)** : Due to these experiments (Time, Motion and Fatigue Studies ) a factory does not remain a factory, it is converted into a laboratory.

**Reasoning (R)** : Management succeeds or fails as human relations in business are intelligently or unintelligently handled.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the right explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the right explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is correct but **(R)** is not correct.

(4) **(R)** is correct but **(A)** is not correct.

**24.** Who among the following is not associated with theories of motivation ?

(1) A.H. Maslow (2) Cris Argyris

(3) Frederick Herzberg (4) Peter F. Drucker

**25.** As per the Herzberg's Hygiene Theory of motivation, which among the following is not a motivational factor ?

(1) Recognition (2) Working Conditions

(3) Responsibility (4) Achievements

**26.** When Walt Disney World's Magic kingdom lets customers visit a fairy kingdom, a pirate ship, or a haunted house, then what is marketed in this example ?

(1) Services (2) Events (3) Experiences (4) Ideas

**27.** Which one of the following statements is **true** according to VALS framework of psychographic segmentation ?

(1) The consumers who are primarily motivated by ideals are guided by knowledge and principles.

(2) The consumers who are motivated by achievement look for knowledge and principles.

(3) The consumers who are motivated by self expression don't desire social or physical activity, variety, and risk.

(4) The consumers who are motivated by achievement desire social or physical activity, variety, and risk.

**28.** From the following two statements of **Assertion (A)** and **Reason (R),** indicate the correct code :

**Assertion (A) :** A transformational appeal of communication elaborates on a non-product related benefit or image.

**Reasoning (R) :** Transformational appeals often do not attempt to stir up emotions that will motivate purchase.

**Code :**

(1) **(A)** and **(R)** both are correct. (2) **(A)** is correct **(R)** is not correct.

(3) **(A)** is not correct **(R)** is correct. (4) **(A)** and **(R)** both are incorrect.



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**23. अभिकथन (A) :** इन प्रयोगों (समय, गति और थकान अध्ययन) के कारण कोई कारखाना, कारखाना नहीं रह जाता है, यह प्रयोगशाला में बदल जाता है।

**तर्क (R) :** व्यवसाय में कितनी बुद्धिमानी या बुद्धिहीनता से मानव संबंधों से निपटा जाता है, प्रबन्धन उसी पर सफल या विफल होता है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं किंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है किंतु **(R)** सही नहीं है।

(4) **(R)** सही है किंतु **(A)** सही नहीं है।

**24.** निम्नलिखित में से कौन अभिप्रेरण के सिद्धान्त से संबद्ध नहीं है?

(1) ए.एच. मैस्लो (2) क्रिस अर्गिरिस

(3) फ्रेडरिक हर्जबर्ग (4) पीटर एफ. ड्रकर

**25.** हर्जबर्ग के अनुसार अभिप्रेरण के आरोग्य सिद्धान्त के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा अभिप्रेरणात्मक कारक नहीं है?

(1) मान्यता (2) काम की दशाएं (3) उत्तरदायित्व (4) उपलब्धियाँ

**26.** जब वाल्ट डिजनी वर्ल्डस् मैजिक किंगडम उपभोक्ताओं को एक परीलोक, लुटेरा जहाज या एक भूत घर को भ्रमण कराता है तो इस उदाहरण में किसका विपणन होता है?

(1) सेवाएं (2) आयोजनों (3) अनुभवों (4) विचारों

**27.** मनोवृत्तिपरक विभेदीकरण की वाल्स (VALS) ढ़ांचा के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

(1) मुख्यतया विचारों से अभिप्रेरित होने वाले उपभोक्ता ज्ञान और सिद्धान्त से निर्देशित होते हैं।

(2) उपलब्धि से अभिप्रेरित होने वाले उपभोक्ता ज्ञान और सिद्धान्त की खोज करते हैं।

(3) आत्म अभिव्यक्ति से अभिप्रेरित होने वाले उपभोक्ता सामाजिक या शारीरिक कार्यकलाप, विविधता या जोखिम नहीं चाहते हैं।

(4) उपलब्धि से अभिप्रेरित होने वाले उपभोक्ता सामाजिक या शारीरिक कार्यकलाप, विविधता और जोखिम चाहते हैं।

**28.** निम्नलिखित दो कथनों, **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** से सही कूट इंगित कीजिए :

**अभिकथन (A) :** संचार की रूपान्तरणीय अपीलें गैर-उत्पाद संबंधित लाभ या छवि की व्याख्या करती हैं।

**तर्क (R) :** रूपान्तरणीय अपीलें बहुधा खरीद को अभिप्रेरित करनेवाले मनोभावों को उत्तेजित करने का प्रयास नहीं करती हैं।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं। (2) **(A)** सही है **(R)** गलत है।

(3) **(A)** गलत है **(R)** सही है। (4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**29.** Select the correct sequence for Hierarchy-of-effects model related to marketing communication :

(1) Awareness → Knowledge → Liking → Preference → Conviction → Purchase

(2) Knowledge → Awareness → Liking → Conviction → Preference → Purchase

(3) Awareness → Liking → Knowledge → Conviction → Preference → Purchase

(4) Liking → Awareness → Knowledge → Preference → Conviction → Purchase

**30.** Match the items of **List - I** with the items of **List - II** and denote the code of correct matching :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Basic Product | (i) | Set of attributes and conditions buyers normally expect |
| (b) | Expected Product | (ii) | Possible augmentation and transformation the product might undergo in future |
| (c) | Augmented Product | (iii) | Exceed customer expectations |
| (d) | Potential Product | (iv) | Converting core benefits into product |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (3) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**31.** Which of the following statements is **false** ?

(1) The opportunity cost of an input is considered in capital budgeting

(2) Capital budgeting decisions are reversible in nature

(3) Cash flows and accounting profits are different

(4) An expansion decision is a capital budgeting decision

**32.** Match the items of **List - I** with those of **List - II** and indicate the correct code :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | ABC Analysis | (i) | Dividend Decision |
| (b) | Walter Model | (ii) | Capital Budgeting Decision |
| (c) | Capital Rationing | (iii) | Capital Structure Decision |
| (d) | Net Operating Income Approach | (iv) | Working Capital Management Decision |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

29. विपणन संचार से संबंधित प्रभाव के पदानुक्रम मॉडल के लिए सही क्रम का चयन कीजिए :

(1) जागरूकता → ज्ञान → पसंद → वरीयता → दृढ़धारणा → खरीद

(2) ज्ञान → जागरूकता → पसंद → दृढ़धारणा → वरीयता → खरीद

(3) जागरूकता → पसंद → ज्ञान → दृढ़धारणा → वरीयता → खरीद

(4) पसंद → जागरूकता → ज्ञान → वरीयता → दृढ़धारणा → खरीद

30. **सूची** - I के मदों को **सूची** - II के मदों से सुमेलित कीजिए और सही मेल का कूट इंगित कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | मूल उत्पाद | (i) | गुणों और शर्तों का समूह जिसकी क्रेता सामान्यतया आशा करते हैं |
| (b) | अपेक्षित उत्पाद | (ii) | उत्पाद के संवर्धन एवं रूपान्तरण की भविष्य में सम्भावना हो |
| (c) | आवर्धित उत्पाद | (iii) | उपभोक्ता की अपेक्षाओं से अधिक हो जाना |
| (d) | संभाव्य उत्पाद | (iv) | मूल लाभों को उत्पाद में बदलना |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (3) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

31. निम्नलिखित में से कौन सा कथन **गलत** है ?

(1) पूँजी बजटन में एक आगत की अवसर लागत को ध्यान में रखा जाता है।

(2) पूँजी बजटन निर्णय विपर्ययी प्रकृति के होते हैं।

(3) रोकड़ प्रवाह और लेखा लाभ अलग-अलग हैं।

(4) विस्तार निर्णय एक पूँजी बजटन निर्णय है।

32. **सूची** - I की मदों को **सूची** - II की मदों के साथ सुमेलित करें और सही कूट को चिन्हित करें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | ए.बी.सी. विश्लेषण | (i) | लाभांश निर्णय |
| (b) | वाल्टर मॉडल | (ii) | पूंजी बजटन निर्णय |
| (c) | पूंजी राशनिंग | (iii) | पूंजी ढाँचा निर्णय |
| (d) | शुद्ध संचालन आय उपागम | (iv) | कार्यशील पूंजी प्रबंधन निर्णय |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**33.** Main objective of employing Financial Leverage is to :

(1) Reduce the risk associated with profits

(2) Maintain the stability in profits

(3) Decrease the cost of debt capital

(4) Magnify the return on equity share capital

**34.** Which one of the following is **not** a method of calculating cost of equity capital ?

(1) Dividend yield method

(2) Dividend yield plus growth method

(3) Yield to maturity method

(4) Earnings yield method

**35.** Which one of the following equates the present value of cash out flows and the present value of expected cash inflows from a project ?

(1) Net Present Value (2) Internal Rate of Return

(3) Pay back Period (4) Accounting Rate of Return

**36.** Which one of the following is **not** true ?

(1) Material resources are subject to laws of mechanics and they cannot have an output greater than the input.

(2) Human resources are capable of exponential growth and development.

(3) Human resources cannot yield an output that may be far greater than what the value of their input warrants.

(4) In current scenario, gradually, the emphasis has shifted from muscle power to use of mind power.

**37.** The pluralistic approach of industrial conflict is based on which one of the following basic assumption / premise ?

(1) That conflict occurs when the tendency of industrial society is to treat worker as an isolated individual and deprive him of all control over his environment

(2) That an enterprise contain people with coalition of different interests

(3) That industrial conflict is a part of the broader social conflict between classes

(4) That no consensus is possible, in case of conflicts, because people are with different socio - cultural backgrounds.

**38.** The Job Description Index (JDI) Technique is used for measuring which one of the following ?

(1) Job attitudes (2) Job descriptions/definitions

(3) Job analysis records (4) Job skill requirements



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

33. वित्तीय उत्तोलक के उपयोग का प्रमुख उद्देश्य है :

(1) लाभ के साथ संबद्ध जोखिम को कम करना
(2) लाभ में स्थायित्व बनाये रखना
(3) ऋण पूंजी की लागत कम करना
(4) समता अंश पूंजी प्रत्याय में आवर्धन करना

34. निम्नलिखित में से कौन सी प्रणाली समता पूंजी की लागत की गणना करने की एक प्रणाली **नहीं** है?

(1) लाभांश अर्जन प्रणाली
(2) लाभांश अर्जन के साथ वृद्धि प्रणाली
(3) परिपक्वता तक अर्जन प्रणाली
(4) आय अर्जन प्रणाली

35. निम्नलिखित में से कौन सा एक परियोजना के रोकड़ बहिर्वाहों के वर्तमान मूल्य और अनुमानित मुद्रा अन्तर्वाहों के वर्तमान मूल्य को समीकृत करता है?

(1) शुद्ध वर्तमान मूल्य
(2) आन्तरिक प्रत्याय दर
(3) प्रत्यावर्तन अवधि
(4) लेखांकन प्रत्याय दर

36. निम्नलिखित में से कौन सा सत्य **नहीं** है?

(1) भौतिक संसाधन यांत्रिकी के नियमों के अध्यधीन हैं और उनका निर्गत उनके आगत से अधिक नहीं हो सकता है।
(2) मानव संसाधन घातांकीय वृद्धि और विकास में सक्षम हैं।
(3) मानव संसाधन उतना निर्गत उत्पन्न नहीं कर सकते हैं जो उनके आगत के समर्थित मूल्य से भी कहीं अधिक हो।
(4) वर्तमान परिदृश्य में, धीरे-धीरे शारीरिक बल के प्रयोग से अधिक ध्यान मानसिक बल के प्रयोग पर दिया जाने लगा है।

37. औद्योगिक संघर्ष का बहुलवादी उपागम निम्नलिखित में से किस मौलिक मान्यता/आधारवाक्य पर आधारित है?

(1) औद्योगिक समाज की कामगार से एक पृथक् व्यक्ति के रूप में व्यवहार करने तथा उसे अपने वातावरण पर सभी नियंत्रण से वंचित करने की प्रवृत्ति से संघर्ष उत्पन्न होता है।
(2) किसी उद्यम में विभिन्न हितों के गठबंधन के लोग होते हैं।
(3) औद्योगिक संघर्ष वर्गों के बीच व्यापक सामाजिक संघर्ष का हिस्सा है।
(4) संघर्ष की स्थिति में कोई सर्वसम्मति संभव नहीं है क्योंकि लोग भिन्न-भिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के होते हैं।

38. रोजगार विवरण सूचकांक (जे.डी.आई) तकनीक का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके माप के लिए किया जाता है?

(1) रोजगार अभिवृत्ति
(2) रोजगार विवरण/परिभाषाएं
(3) रोजगार विश्लेषण रिकार्ड (अभिलेख)
(4) रोजगार कौशल आवश्यकताएं



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**39.** From the following two statements of **Assertion (A)** and **Reasoning (R)** indicate the correct code :

**Assertion (A) :** Development in HRM is a short-term educational process with temporary intervention.

**Reasoning (R) :** It is a educational process utilizing a systematic and organized procedure for development of operative employees performance in current jobs.

**Code :**

(1) **(A)** is correct and **(R)** is correct explanation of **(A)**.

(2) **(A)** is correct, but **(R)** is not correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is not correct, but **(R)** is correct.

(4) **(A)** and **(R)** both are not correct.

**40.** Match items of **List - I** with **List - II** relating to methods of performance appraisal and indicate the correct code of matching.

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Paired comparison method | (i) | Reviewing employee records and holding interview on definite test questions. |
| (b) | Forced choice description method | (ii) | Set of pair phrases or descriptive statements |
| (c) | Critical Incidents method | (iii) | Differentiating between effective and non - effective performance on basis of achievements |
| (d) | Field review method | (iv) | Relative ranking method |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**41.** Match the following items of **List - I** with the items of **List - II** and indicate the code of correct matching :

| | **List - I** **(Name of organisation)** | | **List - II** **(Year of establishment)** |
|---|---|---|---|
| (a) | IDBI | (i) | 1956 |
| (b) | ICICI | (ii) | 1955 |
| (c) | LIC of India | (iii) | 1990 |
| (d) | SIDBI | (iv) | 1964 |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

39. निम्नलिखित **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** के दो कथनों से सही कूट सूचित कीजिए :

**अभिकथन (A) :** मानव संसाधन प्रबन्धन में विकास अस्थायी हस्तक्षेप के साथ अल्पकालिक शैक्षणिक प्रक्रिया है।

**तर्क (R) :** यह वर्तमान नौकरी में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यनिष्पादन के विकास के लिए व्यवस्थित तथा संगठित प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए एक शैक्षणिक प्रक्रिया है।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** सही है किंतु **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही नहीं है, किंतु **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं है।

40. कार्य निष्पादन मूल्यांकन पद्धतियों से संबंधित **सूची - I** को **सूची - II** के मदों से सुमेलित कीजिए और मेल के सही कूट को इंगित कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | युग्मित तुलना पद्धति | (i) | कर्मचारी के उपभिलेखों की समीक्षा करना तथा निश्चित परीक्षण प्रश्नों के आधार पर साक्षात्कार करना |
| (b) | बलात् चयन विवरण पद्धति | (ii) | युग्म वाक्यांशों का समूह या विवरणात्मक कथन |
| (c) | महत्वपूर्ण घटनाएं पद्धति | (iii) | उपलब्धियों के आधार पर प्रभावी और निष्प्रभावी कार्यनिष्पादन के बीच विभेद करना |
| (d) | क्षेत्र समीक्षा पद्धति | (iv) | सापेक्षिक रैंक - निर्धारण पद्धति |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

41. **सूची - I** की मदों को **सूची - II** के मदों के साथ सुमेलित करें और सही कूट को चिन्हित कीजिए :

| | **सूची - I (संगठन का नाम)** | | **सूची - II (स्थापना का वर्ष)** |
|---|---|---|---|
| (a) | आई.डी.बी.आई | (i) | 1956 |
| (b) | आई.सी.आई.सी.आई | (ii) | 1955 |
| (c) | एल.आई.सी ऑफ इंडिया | (iii) | 1990 |
| (d) | एस.आई.डी.बी.आई | (iv) | 1964 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

42. **Statement (I) :** Capital adequacy norms help banks in strengthening their capital base.

**Statement (II) :** Capital adequacy norms help banks in sanctioning more loans.

**Code :**

(1) Both the Statements **(I)** and **(II)** are correct.

(2) Both the Statements **(I)** and **(II)** are incorrect.

(3) Statement **(I)** is correct but **(II)** is incorrect.

(4) Statement **(I)** is incorrect but **(II)** is correct.

43. What is Hawala ?

(1) Tax evasion

(2) Illegal trading in stock exchanges

(3) Bank robbery

(4) Illegal transactions of foreign exchange

44. Read the following events :

(i) Capital adequacy norms for commercial banks

(ii) Establishment of IDBI

(iii) Allowing convertibility of rupee at the market rate in the current account.

(iv) Nationalisation of general insurance business

Arrange the events in the ascending order of their occurrance :

(1) (i), (ii), (iii), (iv)

(2) (iv), (iii), (ii), (i)

(3) (iv), (ii), (i), (iii)

(4) (i), (ii), (iv), (iii)

45. **Assertion (A) :** The future will see mostly the electronic money clearance through satellite networking.

**Reasoning (R) :** RBI is encouraging e-banking.

**Code :**

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.

(2) **(A)** is false but **(R)** is true.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not support **(A)**.

46. **Statement (I) :** Developing countries can borrow more than their quota under Extended Fund Facility (EFF) of IMF.

**Statement (II) :** The Extended Fund Facility (EFF) was created in 1984 to help the developing countries over longer period upto 3 years.

**Code :**

(1) Statement **(I)** is correct but **(II)** is not correct.

(2) Statement **(II)** is correct but **(I)** is not correct.

(3) Both the statements **(I)** and **(II)** are correct.

(4) Both the statements **(I)** and **(II)** are not correct.



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

42. **कथन (I) :** पूँजी पर्याप्तता प्रतिमान बैंकों को उनकी आधार पूँजी को मजबूत करने में मदद करते हैं।

**कथन (II) :** पूँजी पर्याप्तता प्रतिमान बैंकों को अधिक ऋण स्वीकृत करने में मदद करते हैं।

**कूट :**

(1) **कथन (I)** और **कथन (II)** दोनों सही हैं।
(2) **कथन (I)** और **कथन (II)** दोनों गलत हैं।
(3) **कथन (I)** सही है लेकिन **कथन (II)** गलत है।
(4) **कथन (I)** गलत है लेकिन **कथन (II)** सही है।

43. हवाला क्या है ?

(1) कर अपवंचन
(2) स्टॉक एक्सचेंजों में अवैध व्यापार
(3) बैंक डकैती
(4) विदेशी मुद्रा का अवैध लेन-देन

44. निम्नलिखित घटनाओं को पढ़ें :

(i) व्यावसायिक बैंकों के लिए पूँजी पर्याप्तता प्रतिमान
(ii) आई डी बी आई की स्थापना
(iii) चालू खाते में बाजार मूल्य पर रुपये की विनिमेयता की अनुमति
(iv) जनरल इंश्योरेंस व्यापार का राष्ट्रीयकरण

घटनाओं को उनके घटित होने के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(1) (i), (ii), (iii), (iv)
(2) (iv), (iii), (ii), (i)
(3) (iv), (ii), (i), (iii)
(4) (i), (ii), (iv), (iii)

45. **अभिकथन (A) :** सेटेलाइट नेटवर्किंग के द्वारा भविष्य में अधिकांशत: इलेक्ट्रॉनिक धन निकासी होगी।

**तर्क (R) :** आर.बी.आई., ई-बैंकिंग को प्रोत्साहित करता है।

**कूट :**

(1) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(2) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R), (A)** का समर्थन नहीं करता।

46. **कथन (I) :** आई.एम.एफ के विस्तारित कोष सुविधा के अन्तर्गत विकासशील देश अपने कोटे से अधिक उधार ले सकते हैं।

**कथन (II) :** विस्तारित कोष सुविधा, 1984 में विकासशील देशों की तीन वर्ष तक की दीर्घावधि तक सहायता के लिए निर्मित की गई थी।

**कूट :**

(1) **कथन (I)** सही है लेकिन **(II)** सही नहीं हैं।
(2) **कथन (II)** सही है लेकिन **(I)** सही नहीं है।
(3) **कथन (I)** और **कथन (II)** दोनों सही हैं।
(4) **कथन (I)** और **कथन (II)** दोनों सही नहीं हैं।



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**47.** Match the items of **List - I** with those of **List - II;** and choose the correct code of combination :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Poverty Reduction and Growth Facility(PRGF) | (i) | 1997 |
| (b) | Supplemental Reserve Facility (SRF) | (ii) | 1974 |
| (c) | Extended Fund Facility(EFF) | (iii) | 1999 |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** |
|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) |

**48.** Who among the following has given Absolute Advantage Model of international trade ?

(1) Adam Smith
(2) David Recardo
(3) Hackscher Ohlin
(4) William Petty

**49.** Which among the following is **not** an international economic institution ?

(1) IMF
(2) IBRD
(3) ADB
(4) IFRS

**50.** **Assertion (A) :** The fall in aggregate expenditure or aggregate demand in the economy works to reduce imports and help in solving the balance of payment problems.

**Reasoning (R) :** The important way to reduce imports and thereby reduce deficit in balance of payments is to adopt monetary and fiscal policies that aims at reducing aggregate expenditure in the economy.

**Code :**

(1) **(A)** and **(R)** both are correct and **(R)** supports **(A)**.
(2) **(A)** and **(R)** both are correct but **(R)** does not support **(A)**.
(3) **(A)** is correct but **(R)** is incorrect.
(4) **(R)** is correct but **(A)** is incorrect.

- o 0 o -



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

47. **सूची - I** की मदों को **सूची - II** के मदों के साथ सुमेलित करें और संयोजन के सही कूट को चुनें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | गरीबी में कमी और वृद्धि सुविधा (पी आर जी एफ) | (i) | 1997 |
| (b) | अनुपूरक आरक्षित सुविधा (एस आर एफ) | (ii) | 1974 |
| (c) | विस्तारित कोष सुविधा (ई एफ एफ) | (iii) | 1999 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** |
|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) |

48. निम्नलिखित में से किसने अन्तरराष्ट्रीय व्यापार का निरपेक्ष लाभ प्रारूप दिया ?

(1) एडम स्मिथ (2) डेविड रिकार्डो (3) हैचर ओहलिन (4) विलियम पेटी

49. निम्नलिखित में से कौन सा अन्तरराष्ट्रीय आर्थिक संस्थान **नहीं** है ?

(1) आई एम एफ (2) आई बी आर डी (3) ए डी बी (4) आई एफ आर एस

50. **कथन (A)** : अर्थव्यवस्था में समस्त व्यय अथवा समस्त माँग में गिरावट आयात को कम करने का काम करती है और भुगतान संतुलन की समस्याओं के समाधान में मदद करती है।

**तर्क (R)** : आयात कम करने का महत्वपूर्ण मार्ग और उसके द्वारा भुगतान संतुलन में घाटा, आर्थिक और राजकोषीय नीतियों को ग्रहण करता है जिसका लक्ष्य अर्थव्यवस्था में समस्त व्यय कम करना है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का समर्थन करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** का समर्थन नहीं करता।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(R)** सही है लेकिन **(A)** गलत है।

- o 0 o -



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**Space For Rough Work**



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/